आकाशवाणी चंडीगढ़

10 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 11 वर्ष में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल में देश में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं।
- मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल नामक पुस्तिका का विमोचन किया।
- मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में भारत रक्षा क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है।
- मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास कराया गया।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्ष में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

**************************************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल में देश में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले पहले भय, क्षेत्रवाद, और परिवारवाद का बोलबाला था। आज हर व्यक्ति बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा वंचित और शोषित वर्गों के कल्याण के लिए नीतियाँ बनाई गई। सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए भी कई कदम उठाए हैं । उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा -

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी योजना ला कर हर व्यक्ति को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कारवाई है। स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सबसे बड़ी योजना गरीबों को महंगा इलाज उपलब्ध करवा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को गुमराह किया उनका शोषण किया ।जबकि केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में उन्हें फसलों का अच्छा न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर और मुख्यमंत्री पीएम किसान सम्मान योजना जैसी योजनाओं से लाभ दिया है।
उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई । भारत की अर्थव्यवस्था आज चौथे स्थान पर पहुंच गई है । उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश मिसाइल और आधुनिक हथियार बना रहा है ।भारत का निर्यात 825 बिलियन डालर तक पहुँच गया है।भारत की विदेश नीति भी मजबूत हुई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर "विकसित भारत का अमृत काल...सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल" नामक एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल लाल बडौली, कई कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता मौजूद रहे।

.
----------------------------------------------------------------------------------------------------

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्ष में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम आत्मनिर्भरता के माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक शक्ति बनाने के प्रयासों पर जानकारी दे रहे हैं।

"पिछले एक दशक में, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति को स्पष्टता, दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास के साथ परिभाषित किया है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर, 2025 में, ऑपरेशन सिंदूर तक, संदेश स्पष्ट है। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया में एक महत्वपूर्ण क्षण था। एक सटीक, समन्वित मिशन, जिसमें देश के वीर जवानों ने सीमा पार नौ आतंकी शिविरों को बेअसर कर दिया जो पहलगाम आतंकी हमले का एक तत्पर और निर्णायक जवाब साबित

हुआ। स्वदेशी विनिर्माण ने इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएनएस विक्रांत से लेकर लम्बी ऊंचाई वाले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर एलसीएच प्रचंड तक, भारत आत्मविश्वास के साथ डिजाइन और तैनाती कर रहा है। वहीं, आईडीईएक्स जैसी पहल, स्टार्टअप और एमएसएमईज़ भारतीय सुरक्षा बलों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर उन्हें और अधिक सशक्त बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, रक्षा निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 23 हजार 622 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2014 से 34 गुना की वृद्धि है। 5 हजार से अधिक वस्तुएं अब सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची में शामिल हैं और मौजूदा वित्त वर्ष में, रक्षा पूंजी अधिग्रहण का 75 प्रतिशत बजट, घरेलू उत्पादन के लिए निर्धारित किया गया है। अग्रिम मोर्चे से लेकर कारखानों तक, युद्ध के मैदानों से लेकर बोर्डरूम तक भारत एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, जहां सुरक्षा ही ताकत है और आत्मनिर्भरता उसकी □ाल। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।"

*********************************************************************

हरियाणा विधानसभा के परिसर में आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विधायकों और विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग की टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास करवाया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उपस्थित लोगों को भी नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को पूर्ण रूप से संयमित और संतुलित बनाने का माध्यम है।

इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी से 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने का आह्वान किया।

*******************************************************************

हरियाणा के परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि वो श्रम विभाग में भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

आज श्रम विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। श्री विज ने सभी को नियमों के अनुसार कार्य करने को कहा।

बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर श्री विज ने कहा कि यह भारत का स्वर्णिम कार्यकाल है। श्री विज ने कहा -

श्री विज ने कहा कि आज हम रक्षा क्षेत्र में भी एक शक्ति बन कर उभरे हैं। आज हम हथियारों का निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ दिल्ली में एम्स था और आज हर प्रदेश में एम्स बनाया गया है। गरीब व्यक्ति के लिए आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया गए है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर तक रेल पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार के 11 सालों के कार्यकाल पर सवाल उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि खड़गे जी को भारत का विकास नजर नहीं आता।